Title: Request the government to restart the Kurkunda Cement Corporation closed for the last two years and also rehabilitate its workers.

SHRI IQBAL AHMED SARADGI (GULBARGA): Sir, I would like to draw the kind attention of the Minister about the plight of workers of Kurkunda Cement Corporation which comes in my constituency. दो-ढाई साल से यह सीमेंट फैक्टरी बन्द हो गई है, जिसके ढाई हजार एम्पलाइज हैं और उन एम्पलाइज के साथ उनके 7-8 हजार डिपेंडेंट भी हैं, उन्हें पिछले ढाई साल से उन्हें सैलरी नहीं मिल रही है। इससे 10 हजार लोग परेशान हैं। आज तक तीन मजदूरों ने सुसाइड किया है। गवर्नमेंट उस फैक्टरी को फिर से चालू करने के लिए कोई स्टैप्स नहीं ले रही है, उसको रिवाइव करने के लिए कोई और सुविधा नहीं दे रही है। उस फैक्टरी को डिसइन्वेस्टमेंट में लेने या वोलेंटरी रिटायरमेंट स्कीम के तहत लेने के लिए भी स्टैप्स नहीं लिए गये हैं, जिसकी वजह से बहुत बड़ा एजीटेशन मेरी कांस्टीट्वेंसी गुलबर्गा में डिप्टी कमिश्नर आफिस में और मेरे घर के सामने हुआ है। वहां 10 हजार लोग ढाई साल से भूखे हैं, कोई उनकी मदद करने के लिए तैयार नहीं है। कुरगुंटा गांव में जो सीमेंट फैक्टरी चलती थी, जो गांव आबाद था, जहां चहल-पहल थी, जहां रौनक थी, आज वह फैक्टरी बन्द होने से उस कांस्टीट्वेंसी में पूरी बर्बादी हो गई है और वहां पर उजाड़ हो गया है।

मैं पब्लिक अंडरटेकिंग मिनिस्टर का अटेंशन डाइवर्ट करना चाहता हूं कि इस फैक्टरी को रीस्टार्ट करने के लिए, वी.आर.एस. स्कीम में लेने के लिए या कोई और उपाय हो सकता है तो वह करें।